अधीक्षण अभियन्ता (अ–2–1),
उत्तर प्रदेश जल निगम, 6–राणा प्रताप मार्ग, लखनऊ

पत्रांक– 1395 / अ–2–1 / 2151–0201 / 16 दिनांक : 19.11.2016

सहायक अभियंता (सिविल), सहायक अभियंता (विद्युत यांत्रिक) एवं सहायक अभियंता (कम्प्यूटर सांइस / इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन / इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स) के पद पर नियुक्ति हेतु सूचना

उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा सहायक अभियंता (सिविल), सहायक अभियंता (विद्युत यांत्रिक) एवं सहायक अभियंता (कम्प्यूटर सांइस / इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन / इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स) के वेतनमान रूपये 15600–39100 तथा ग्रेड पे–रूपये 5400 के कुल सहायक अभियंता (सिविल) के 113 पद, सहायक अभियंता (विद्युत यांत्रिक) के 5 पद एवं सहायक अभियंता (कम्प्यूटर सांइस / इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन / इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स) के 04 पदों पर नियुक्ति के सापेक्ष चयन हेतु भारत के नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। इन पदों का श्रेणीवार विवरण निम्नानुसार है।

क्रमांक	पद का नाम	कुल पद	अनारक्षित	अन्य पिछड़ा वर्ग	अनु0 जाति	अनु0 जनजाति
1	सहायक अभियन्ता (सिविल)	113	56	31	24	2
2	सहायक अभियन्ता (विद्युत / यांत्रिक)	5	3	1	1	–
3	सहायक अभियन्ता (कम्प्यूटर सांइस / इलेक्ट्रानिक्स) एण्ड कम्यूनिकेशन / इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स)	4	2	1	1	–

क्षैतिज आरक्षण उ0प्र0 सरकार द्वारा विज्ञापित पदों हेतु जारी अद्यतन आदेशों के अनुसार अनुमन्य होगा उक्त तीनों पदों के लिए पदवार अलग–अलग आवेदन करना होगा। रिक्तियों की संख्या घट–बढ़ सकती है। <u>तकनीकी अर्हतायें</u> :– **सहायक अभियंता (सिविल) / सहायक अभियंता (विद्युत यांत्रिक) / सहायक अभियंता (कम्प्यूटर सांइस / इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन / इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स)** (1) सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त किसी संस्था या विश्व विद्यालय से सहायक अभियंता (सिविल) हेतु सिविल अभियंत्रण में स्नातक, सहायक अभियंता (विद्युत यांत्रिक) हेतु इलेक्ट्रिकल / मेकेनिकल अभियंत्रण में स्नातक तथा सहायक अभियंता (कम्प्यूटर सांइस / इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन / इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स) हेतु कम्प्यूटर सांइस / इलेक्ट्रानिक्स एण्ड कम्यूनिकेशन / इलेक्ट्रिकल एण्ड इलेक्ट्रानिक्स में स्नातक अथवा उसके समकक्ष उपाधि। अथवा (2) इन्स्टीट्यूशन आफ इंजीनियर्स इण्डिया का सम्ब[illegible]।
<u>नोट</u> :– दूरस्थ शिक्षा के माध्यम से किसी संस्थान अथवा विश्वविद्यालय से प्राप्त स्नातक उपाधि मान्य नही होगी। **<u>आयु</u>** :– आयु गणना की निश्चायक तिथि 01 अगस्त 2016 है और उक्त तिथि को अभ्यर्थी की आयु 18 से 40 वर्ष होनी चाहिये अर्थात उसका जन्म 02 अगस्त 1976 से पूर्व तथा 01 अगस्त 1998 के बाद न हुआ हो। **(1)** अनुसूचित जाति, अनुसूचित जन जाति, अन्य पिछड़ा वर्ग और ऐसी अन्य श्रेणी के अभ्यर्थियों की दशा में उच्चतर आयु सीमा 5 वर्ष अधिक होगी। **(2)** भूतपूर्व सैनिकों जिन्होंने कम से कम 05 वर्ष की सेवा की हो को सेवाकाल + 03 वर्ष कुल 08 वर्ष अधिकतम 15 की छूट प्रदान की जायेगी। आवेदन की अंतिम तिथि तक सेवा से मुक्त होना अनिवार्य है। **(3)** समाज के विकलॉगजनों को उत्तर प्रदेश सरकार के अद्यतन, नवीनतम विद्यमान शासनादेश दिनांक 03 फरवरी, 2008 के अनुसार अधिकतम आयु सीमा में 15 वर्ष की छूट अनुमन्य होगी।

आवेदन हेतु निर्धारित मुख्य तिथियाँ निम्नवत है:–

ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन प्रारम्भ होने की तिथि	23.11.2016
ऑनलाइन आवेदन रजिस्ट्रेशन समाप्त होने की तिथि	07.12.2016

विज्ञापन के सम्बन्ध में विस्तृत विवरण उ0प्र0 जल निगम की वेब–साइट **http:upjn.org** पर उपलब्ध है। अभ्यर्थी आवेदन करने के पूर्व इस वेब–साइट से विज्ञापन से सम्बन्धित सभी बिन्दुओं का भली भांति अध्ययन कर ले तथा इस वेब–साइट पर जारी दिशा निर्देशों के अनुसार इस वेब–साइट पर ही ऑनलाइन आवेदन करें।